दिनाँक 17/11/2021, को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त

विश्वविद्यालय द्वारा 'नैक' मूल्यांकन हेतु विश्वविद्यालय में पंजीकृत विद्यार्थियों से आनलाइन फीडबैक लिये जाने के सम्बन्ध में आज दिनाँक 17/11/2021, को प्रातः 11:30 बजे निदेशक, क्षेत्रीय सेवायें के कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया–

01–प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे	(निदेशक, आर0एस0डी0)
02–प्रोफेसर आर0 सी0 मिश्र	(अध्यक्ष 'सीका')
03–डॉ0 सुमित प्रसाद	(सदस्य 'सीका')
04–डॉ0 गगन सिंह	(सदस्य 'सीका')
05–श्री अनिल कण्डारी	(सहायक क्षेत्रीय निदेशक, देहरादून)
06–श्री भास्कर जोशी	(सहायक क्षेत्रीय निदेशक, पौडी)
07–श्री बृजेश कुमार बनकोटी	(सहायक क्षेत्रीय निदेशक, हल्द्वानी)
08–श्रीमती प्रियंका लोहनी	(सहायक क्षेत्रीय निदेशक, रानीखेत)
09–श्रीमती रेखा बिष्ट	(सहायक क्षेत्रीय निदेशक, बागेश्वर)
10–श्रीमती रूचि आर्या	(सहायक क्षेत्रीय निदेशक, रूडकी)
11–श्री गोविन्द सिंह	(सहायक क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरकाशी)
12–श्री फिरोज खान	(पटल सहायक)

बैठक में अध्यक्ष 'सीका' एवं निदेशक, क्षेत्रीय सेवायें द्वारा अवगत कराया गया कि नैक मूल्यांकन हेतु विश्वविद्यालय में पंजीकृत विद्यार्थियों द्वारा दिनाँक 01 दिसम्बर, 2021 तक आनलाइन फीडबैक दिया जाना अति आवश्यक है। उपरोक्त को सुनिश्चित किये जाने के लिये निम्न निर्णय लिये गये–

01–सभी सहायक क्षेत्रीय निदेशक अपने अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों एवं क्षेत्रीय केन्द्रों से दूरभाष/ईमेल/मीटिंग के माध्यम से समन्वय स्थापित कर आनलाइन फीडवैक लिये जाने हेतु अध्ययन केन्द्रों में पंजीकृत विद्यार्थियों को जागरूक करेगें।

03–विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अध्ययन केन्द्र समन्वयकों की बैठक यथाशीघ्र आयोजित की जाय ताकि अध्ययन केन्द्र नैक मूल्याँकन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करें और अपने अध्ययन केन्द्रों में मानको के अनुरूप व्यवस्थायें सुनिश्चित करें।

अन्त में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुये बैठक सम्पन्न हुई।

17/11/2021.

निदेशक, क्षेत्रीय सेवायें
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय